**BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI**
**CLASS- 3 SESSION 2026-27**
**(SUBJECT- HINDI) (ASSIGNMENT )**

**I निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:-**

गाँव में मोहन नाम का एक किसान रहता था। वह बहुत मेहनती और ईमानदार था। वह रोज़ सुबह जल्दी उठकर अपने खेत पर जाता था। उसके खेत में गेहूँ, चना और सब्जियाँ उगती थीं। मोहन अपने खेत की फसल की अच्छी तरह देखभाल करता था। वह समय पर पानी देता और खेत से खरपतवार निकालता था। उसकी मेहनत के कारण हर साल अच्छी फसल होती थी।

बहुविकल्पीय प्रश्न:

1. मोहन रोज़ कब उठता था?

**उत्तर: सुबह जल्दी**

2. मोहन के खेत में क्या उगता था?

**उत्तर: गेहूँ, चना और सब्जियाँ**

3. अच्छी शब्द का विलोम शब्द चुने ?

उत्तर **बुरी**

4. मोहन खेत में समय पर क्या देता था?

उत्तर पानी

5. मोहन की मेहनत का क्या परिणाम हुआ?

**उत्तर: अच्छी फसल हुई**

**II निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ:-**

क) सीलन :- (नमी ) वर्षा के कारण घरों की दीवारों में सीलन आ जाती है।

ख) प्रतिदिन:- ( हर रोज़) मैं प्रतिदिन सैर करती हूँ।

**III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर को शब्दों में लिखें:-**

क) चींटी के अतिरिक्त छह पैरों वाले कीट का नाम लिखो ?

उत्तर तितली

ख) रूपम ने वैष्णो मठ सत्र में कौन सा नृत्य देखा ?

उत्तर सत्रिया नृत्य

ग) गुवाहाटी किस राज्य में है ?

उत्तर असम में

**IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कुछ वाक्यों में लिखिए:-**

क) माजुली द्वीप के बारे में लिखिए ?

उत्तर छात्र स्वयं करेंगें

ख) गरीब व्यक्ति ने इनाम पाने के लिए क्या किया ?

उत्तर छात्र स्वयं करेंगें

**V रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखें -**

क) यहाँ पुस्तक रख दो।

यहाँ पुस्तकें रख दो।

ख) बच्चा खेल रहा है ।

बच्चे खेल रहे हैं।

**VI निम्नलिखित वाक्य में उचित सर्वनाम भरकर वाक्य पूरा करो**

क) **तुम** कहाँ जा रहे हो । (तुम/ मेरे)

ख) **मैं** आज स्कूल नहीं जाऊँगा । (इन्हें /मैं)

**VII त्र और श्र वाले दो दो शब्द लिखो :-**

चित्र, पत्र, मित्र

श्रम ,श्रमिक, परिश्रम

**VIII रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें:-**

क ) मौसा बाज़ार गया है।

**मौसी बाज़ार गई है।**

ख) शेर जंगल में रहता है।

शेरनी जंगल में रहती है।

**IX रेखांकित शब्द का विलोम शब्द बदलकर वाक्य पूरा करें**

**क)** पेड़ के **ऊपर** पक्षी बैठे हैं और **नीचे** बच्चे खेल रहे हैं।

**X सही विकल्प चुने :-**

I) एक संख्या पच्चीस से छोटी और बीस से बड़ी है। वह कौन-सी हो सकती है?

उत्तर तेईस

II) राम ने मोहन से साइकिल माँगी तो उसने __________ दिया।

उत्तर साफ अंगूठा दिखाना